बारिश के बीच किसानों के हक में कांग्रेस की हुंकार

खास बातें

- केंद्रीय मंत्री और सीएम पर भी साधा निशाना
- बताई किसानों की परेशानी

नवभारत न्यूज

विदिशा 4 जुलाई, मौजूदा समय में अपनी खेती में लगे हुए हैं. उनके लिए यह वक्त बेहद कीमती है. इसी बीच वह खाद, बीज के लिए मशक्कत करते नजर आ रहे हैं.उनको समय पर खाद नहीं मिल रही, जितनी बिजली की जरूरत है वह भी नहीं मिल रही है. संकट से जूझ रहे किसानों के हक में किसान कांग्रेस ने आवाज बुलंद की है.

तेज बारिश के बीच माधवगंज चौराहे पर कांच मंदिर के पास कांग्रेस नेताओ ने धरना दिया जहां पर वह प्रदेश के सीएम और केंद्रीय मंत्री को कोसते नजर आए और आरोप लगाए कि ऐसे में समय कोई भी किसान का साथ नहीं दे रहा है. जबकि किसानों की ही बदौलत पूरा व्यापार चलता है. धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान समय पर खाद नहीं मिलने, खाद की कालाबाज़ारी, पर्याप्त बिजली के अभाव, ई-टोकन व्यवस्था की अव्यवस्था और फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खाद के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहने को मजबूर है, लेकिन उसकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा. हालांकि धरना प्रदर्शन के दौरान किसान तो मौजूद नहीं थे वहीं कांग्रेस नेताओं की भी संख्या कम थी.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार खुद को किसान हितैषी बताती है, लेकिन किसान खाद, बिजली और उपज बेचने जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान है. महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार ने कहा कि किसान परिवारों की परेशानियों का सबसे अधिक असर महिलाओं पर पड़ता है. मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हुई है. धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाज़ारी पर रोक लगाने, मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा किसानों को प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही. इस अवसर पर किसान नेता राजेश दुबे,रमेश तिवारी, नीलम रघुवंशी, अंकुर गुप्ता, अरुण अवस्थी, मानव ताम्रकार, असलम पटेल, वैभव भारद्वाज, नीतू सिंह राजपूत, पार्षद धर्मेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित रहीं. मंच का संचालन नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने किया.

यह हैं किसान कांग्रेस की मुख्य मांग

प्रदशर्न के दौरना किसान कांग्रेस ने कहा कि किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, कालाबाज़ारी पर प्रभावी रोक नहीं लगी, मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित नहीं हुई, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त नहीं की गई और प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसान कांग्रेस गांव-गांव जाकर किसानों को संगठित करेगी तथा जिले से लेकर भोपाल तक चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी.

गार्डों पर कार्रवाई से उठे सवाल, नर्सिंग स्टॉफ और डॉक्टरों को सिर्फ नोटिस

जिला अस्पताल गेट डिलीवरी मामला

नवभारत न्यूज

विदिशा 4 जुलाई, जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर 2 जुलाई की रात प्रसूता की डिलीवरी होने की घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा एजेंसी और गार्डों पर की गई सख्त कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है.

एक तरफ जहां सुरक्षा एजेंसी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है और दो सुरक्षा गार्डों को बर्खास्त कर सुपरवाइजर को पद से हटा दिया गया, वहीं दूसरी ओर ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सकों को केवल कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं. घटना में अस्पताल प्रबंधन ने सुरक्षा एजेंसी पटेल इंटरप्राइजेज पर आर्थिक दंड लगाते हुए महिला सुरक्षा गार्ड लक्ष्मी जाटव,पुरुष गार्ड अभिषेक पंथी को सेवा से हटा दिया तथा सुपरवाइजर महेंद्र जोशी को उनके पद से हटा दिया है. घटना से जुड़े वीडियो में महिला सुरक्षा गार्ड डिलीवरी रूम के कर्मचारियों को बाहर नवजात के पड़े होने की सूचना देती नजर आ रही है, जबकि पुरुष गार्ड भीड़ को अस्पताल के भीतर जाने से रोकने का प्रयास करता दिखाई देता है. ऐसे में चर्चा इस बात की है कि प्रसूता को समय रहते डिलीवरी रूम से बाहर जाने से रोकना, उसकी लगातार चिकित्सकीय निगरानी करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना नर्सिंग स्टाफ एवं ड्यूटी डॉक्टरों की जिम्मेदारी थी, न कि सुरक्षा कर्मियों की.

बर्खास्त सुरक्षा कर्मियों का दावा,कई बार स्टॉफ को दी सूचना, कोई बाहर नहीं आया

बर्खास्त किए गए दोनों सुरक्षा गार्डों ने सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा को दिए अपने लिखित स्पष्टीकरण में दावा किया है कि उन्होंने कई बार ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स, आया और सफाई कर्मचारियों को बाहर आने के लिए कहा, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा. उनका कहना है कि जब स्थिति बिगड़ी तो प्रसूता के परिजनों ने हंगामा करते हुए अस्पताल के अंदर प्रवेश कर लिया और डिलीवरी अस्पताल के मुख्य गेट पर ही हो गई. उनका कहना है कि जिम्मेदारी तय करने के लिए ड्यूटी रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, प्रसूता की मूवमेंट और संबंधित कर्मचारियों की भूमिका का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाना चाहिए.

मानव श्रृंखला बनाकर दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा. सतर्क नागरिक, सुरक्षित डिजिटल जीवन के संकल्प के साथ विदिशा पुलिस ने शनिवार को सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत साइबर जागरूकता अभियान चलाया. विवेकानंद चौराहा से गुलाब वाटिका तथा नीमताल से दुर्गानगर तक लगभग छह किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों और नागरिकों ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया.इस दौरान पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के 100 गांवों में साइबर अपराधों से बचाव का संदेश देगा.

बड़े गल्ला व्यापारियों के आगे बेबस मंडी प्रबंधन

- निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति, वर्षों से मंडी के बाहर तुल रही किसानों की उपज
- चार फर्मों के निरीक्षण तक सीमित रही कार्रवाई

नवभारत न्यूज

विदिशा, कृषि उपज मंडी समिति ने मंडी परिसर के बाहर तौल पर रोक को लेकर चार फर्मों के प्रतिष्ठानों और गोदामों का निरीक्षण किया गया, लेकिन वर्षों से चली आ रही व्यवस्था पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से इस अभियान पर सवाल उठ रहे हैं. किसानों और व्यापारियों का कहना है कि मंडी परिसर के बाहर वेयरहाउस और राइस मिलों पर खुलेआम कृषि उपज की तौल लंबे समय से होती आ रही है, फिर भी प्रशासन अब तक इस व्यवस्था पर पूरी तरह रोक नहीं लगा पाया है. जानकारी के अनुसार, कृषि उपज मंडी से लेकर कलेक्टर और संभागायुक्त स्तर तक कई बार स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि मंडी में नीलामी के बाद कृषि उपज की तौल केवल मंडी परिसर में ही होगी. इसके बावजूद बड़ी मात्रा में उपज आज भी निजी वेयरहाउस, गोदामों और मिलों पर तौली जा रही है। ऐसे में शनिवार को चार फर्मों का निरीक्षण केवल औपचारिक कार्रवाई बनकर रह गया.

मंडी सचिव द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि मंडी क्षेत्र के सभी कृषकों और व्यापारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि कृषि उपज की तौल अनिवार्य रूप से नवीन मंडी परिसर में ही कराई जाए. मंडी परिसर के बाहर निजी मिलों, गोदामों, वेयरहाउस अथवा अन्य स्थानों पर तौल कराना मंडी नियमों के विरुद्ध है. गठित जांच दल ने चार फर्मों के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का निरीक्षण कर स्टॉक और तौल व्यवस्था की जांच की गई। मंडी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यापारी या किसान मंडी परिसर के बाहर अवैध रूप से तौल कराते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.हालांकि सवाल यह है कि जब वर्षों से मंडी के बाहर तौल की व्यवस्था सबके सामने संचालित हो रही है, तब केवल निरीक्षण अभियान चलाने से व्यवस्था में कितना बदलाव आएगा. किसानों का मानना है कि जब तक मंडी प्रशासन नियमों का सख्ती से पालन नहीं कराएगा और उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक मंडी के बाहर तौल का सिलसिला जारी रहेगा.

विदिशा के खारी गांव में राष्ट्रीय पशुजन्य युद्ध अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिले के खारी गांव में 29 जून से 3 जुलाई तक भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर का पशुजन्य युद्ध अभ्यास सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. वन हेल्थ अप्रोच पर आधारित इस पांच दिवसीय मॉक ड्रिल का उद्देश्य पशुजन्य (जूनोटिक) बीमारियों और पशु स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण करना था.

अभ्यास के दौरान इन्फ्लूएंजा के काल्पनिक प्रकोप की स्थिति तैयार कर निगरानी, सैंपल संग्रह एवं जांच, रोग नियंत्रण, प्रयोगशाला परीक्षण, जोखिम आकलन, जनसंचार और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की क्षमता का मूल्यांकन किया गया.इस राष्ट्रीय अभ्यास में केंद्र एवं राज्य सरकार के पशुपालन, स्वास्थ्य, वन, प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया. अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई की तैयारियों को परखा गया.समापन अवसर पर आयोजित समीक्षा बैठक में भविष्य में पशुजन्य रोगों एवं जूनोटिक संक्रमणों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित सूचना तंत्र और आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया. अधिकारियों ने इस अभ्यास को भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया.

आज बरखेड़ी फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

सीहोर. जिले के 33 केवी बरखेड़ी फीडर की विद्युत आपूर्ति 05 जुलाई को प्रात: 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी. यह शटडाउन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से इंदौर-भोपाल बायपास तक विद्युत लाइन शिफ्टिंग कार्य के लिए आवश्यक परमिट के कारण लिया जा रहा है.

निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में विद्यारंभ संस्कार संपन्न

विद्यार्थियों ने लिखा छात्र जीवन का पहला अक्षर

नवभारत न्यूज

सिरोंज, निर्मला कॉन्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के विद्यारंभ संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शीर्षक अक्षरांकुर रखा गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि शिक्षाविद् अजय सेन उपस्थित रहे. कार्यक्रम का प्रारंभ शिक्षिका अनामिका द्वारा स्वागत नृत्य के साथ किया गया. इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी, प्राचार्या सिस्टर टेन्सी द्वारा अतिथियों को शॉल एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया. अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. स्वागत भाषण शिक्षिका हर्षिता द्वारा प्रस्तुत किया गया. जिसके उपरांत अतिथियों, विद्यालय प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, प्राचार्य तथा केजी इंचार्ज सिस्टर जेसा जॉन द्वारा नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों की अंगुली पकड़ कर उनसे विद्यार्थी जीवन का पहला वर्ण लिखवाया. कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियो द्वारा रंगारंग नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है. आज विद्यार्थियों द्वारा अपने छात्र जीवन का पहला अक्षर लिखा है. शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह निश्चित अपने जीवन को बेहतर बनायेंगे. कार्यक्रम में पालक प्रतिनिधि रिम्सा खान ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में आभार शिक्षिका कीर्ति रघुवंशी ने जताया.

पौधारोपण कर राष्ट्रीय संयोजक विराग पाचपोर को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा राष्ट्रीय संयोजक स्व. विराग पाचपोर की स्मृति में विभिन्न औषधीय एवं दैवीय पौधों का रोपण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम में उनके राष्ट्रीय हित में दिए गए योगदान को याद करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया.इस अवसर पर मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि स्व. विराग पाचपोर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में असम में कार्यरत रहे तथा नागपुर में वरिष्ठ पत्रकार के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उन्होंने ईसाई और मुस्लिम समाज के बीच रहकर राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार का कार्य किया. साथ ही गरीब, दलित, आदिवासी और वनवासी समाज में सामाजिक जागरूकता तथा राष्ट्रीय एकता के लिए उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा.वरिष्ठ नेता सैयद सरवर अली और शकील अहमद खान ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पर्यावरण प्रकोष्ठ द्वारा 1 से 30 जुलाई तक सघन वृक्षारोपण अभियान-2026 चलाया जा रहा है. उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घर के बुजुर्गों, शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा अपनी माता के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया. समाजसेवी फेरन सिंह लोधी एवं चतर सिंह लोधी ने पौधारोपण के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके वृक्ष बनने तक संरक्षण करना चाहिए.वरिष्ठ शिक्षाविद भागमल बमन्या ने कहा कि बढ़ती गर्मी, सूखा और प्राकृतिक आपदाएं पर्यावरण असंतुलन का परिणाम हैं.

मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी अभियान का शुभारंभ, घर-घर पहुंचकर सुनीं जाएंगी नागरिकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. युवक कांग्रेस द्वारा शनिवार को पुराने मेला ग्राउंड स्थित पूर्व विधायक कार्यालय में मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी गंजबासौदा संवाद, संघर्ष, समाधान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर संपर्क कर एवं चौपाल आयोजित कर नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान के लिए संबंधित स्तर तक पहुंचाई जाएंगी.

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अपूर्व जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाना तथा उनके निराकरण का प्रयास करना है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यह जिम्मेदारी युवक कांग्रेस को सौंपी है, जिसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे.उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 5 जुलाई को वार्ड क्रमांक-1 में सुबह 7 बजे फ्रीगंज गोंड बाबा चबूतरा, सुबह 8 बजे रामनगर कॉलोनी तथा सुबह 9 बजे जैन मंदिर गली में नागरिकों से संवाद किया जाएगा. वहीं शाम को वार्ड क्रमांक-2 में शाम 7 बजे खारे कुआं वाली गली, रात 8 बजे पुरानी कलहरी के पास तथा रात 9 बजे हनुमान मंदिर परिसर में चौपाल आयोजित कर स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की जाएगी.कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ मार्गदर्शक रवि तिवारी, विकास शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, राजकुमार सेन, ताराचंद अहिरवार, विष्णु प्रसाद शर्मा, अंसार मंसूरी, रवि यादव, बीड़ी शर्मा, विकास सेन, सचिन सेन, मणि भाई अहिरवार, हरीश भावसार, आदिल खान, लालाराम चंदेल, अमित बघेल, अंसुल अहिरवार सहित कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

आयोजन विधि-विधान के साथ 11 शिलाओं की स्थापना . देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे समाजजन, नए मंदिर निर्माण को लेकर दिखा उत्साह

250 वर्ष प्राचीन मुनिसुव्रत जिनालय के नव निर्माण की रखी गई आधारशिला

नवभारत न्यूज

विदिशा. जैन श्वेतांबर समाज के किला स्थित लगभग 250 वर्ष प्राचीन मुनिसुव्रत जिनालय के नव निर्माण का शुभारंभ रविवार को विधि-विधान के साथ आधारशिला रखकर किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की.

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान मुनिसुव्रत स्वामी के समक्ष स्नात्र पूजा से हुई. इसके बाद विधिकार हेमंत वैद (मक्सी) ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधानों के साथ आधारशिला पूजन संपन्न कराया. शिलाओं के लाभार्थी परिवारों ने गर्भगृह में 11 आधार शिलाओं की स्थापना की.समाज के प्रवक्ता प्रकाश भंडारी ने बताया कि नए मंदिर के निर्माण को लेकर समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है. उन्होंने कहा कि यह मंदिर समाज की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है तथा इसके नव निर्माण से समाज को नई पहचान मिलेगी.शिलापूजन कार्यक्रम में स्थानीय समाजजनों के अलावा नागपुर, पांढुर्ना, इंदौर, भोपाल और गंजबासौदा सहित विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन शामिल हुए. पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और समाजजनों ने मंदिर निर्माण कार्य के सफल एवं शीघ्र पूर्ण होने की मंगलकामना की.